केन्द्रीय विद्यालय संगठन ( लखनऊ संभाग )
प्री बोर्ड परीक्षा 2023-24
कक्षा- 10
विषय-हिंदी (अ) (कोड- 002)

निर्धारित समय: 3 घंटे अधिकतम अंक-80

1.इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं-'अ' और 'ब' । खंड 'अ' में वस्तुपरक / बहुविकल्पीय और खंड 'ब' में वस्तुनिष्ठ वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
2.प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 हैं और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3.यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4.खंड 'अ' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड 'ब' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

## खंड 'अ' (बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न)

खंड 'अ' में अपठित गद्यांश-पद्यांश, व्यावहारिक व्याकरण व पाठ्य-पुस्तक से संबंधित बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1. | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। | 1X5 =5 |

हम चाहते हैं कि भविष्य में अच्छे नागरिक मिलें तो हमें विद्यार्थियों को सभी दृष्टि से योग्य बनाना पड़ेगा। पहली बात उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार कराने की है। हमारा विद्यार्थी वर्ग अपने को राष्ट्र की धरोहर समझ कर अपनी रक्षा करे। उसे यह बात मन में ठान लेनी है कि उसके ऊपर भारत की रक्षा का भार है। उसे स्मरण रखना होगा कि वह उस महान राष्ट्र का नागरिक होने जा रहा है जिसने आदि काल में ही 'वसुधैव कुटुंबकम' की उद्घोषणा की थी। उसे इसका हमेशा पालन करना है। दूसरी बात यह है कि उसे कर्मठ बनना है। आलस्य को अपना महान शत्रु समझकर उसकी छाया से भी घृणा करनी है। आज आवश्यकता है अधिक से अधिक उत्पादन करने की, अधिक से अधिक कर्तव्य परायण, अधिक से अधिक प्रगतिशील बनने की। इन सबके साथ ही उसे अपने जीवन में वैज्ञानिकता को भी शामिल करना है और अपनी सोच को वैज्ञानिक बनाना है। विदेशों से होड़ करने के लिए हमारे छात्रों को समय से काम करने की आदत डालनी होगी। अधिक समय तक काम करने के लिए धैर्य के गुणों का विकास करना होगा। आज सामूहिक प्रयत्नों की आवश्यकता है। तभी देश से दरिद्रता खत्म होगी और अज्ञान का अंधकार दूर होगा। विद्यार्थियों में इन सभी गुणों के विकास के लिए शिक्षकों के साथ – साथ माता – पिता को भी अपनी भूमिका का निर्वाह बड़ी सूझबूझ और संवेदनशीलता से करने की आवश्यकता है।

**(1)** निम्नलिखित कथन को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए -
विद्यार्थियों के योग्य बनने से देश को अच्छे नागरिक मिलेंगे, इसके लिए आवश्यक है

1. विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना का संचार करने की आवश्यकता नहीं है
2. विद्यार्थी वर्ग खुद को राष्ट्र की धरोहर समझकर अपनी रक्षा करे
3. विद्यार्थियों को कर्तव्य परायण बनने के बहुत आवश्यकता नहीं है 4. विद्यार्थियों की सोच वैज्ञानिक हो

कूट
(i) 1, 2 और 4 सही हैं (ii) 2 और 4 सही हैं
(iii ) केवल 2 सही है (iv) 1,2,3 एवं 4 सभी सही हैं

**(2)** गद्यांश में किसे योग्य बनाने की बात की गई है **?**
(i ) माता – पिता को (ii) देश के सभी नागरिकों को
(iii ) विद्यार्थियों, माता –पिता और शिक्षकों को (iv) विद्यार्थियों को

**(3)** विद्यार्थियों को योग्य बनने के लिए क्या करना चाहिए ?
(i ) कर्मठ बनना (ii) वैज्ञानिक सोच विकसित करना
(iii ) खुद की रक्षा करना (iv) उपरोक्त सभी

**(4)** 'वसुधैव कुटुम्बकं' का क्या अर्थ है **–**
(i ) पूरा संसार एक परिवार है (ii) सब भाई – बहन हैं
(iii ) पूरा संसार वसुधैव है (iv) ईश्वर सबका भला चाहता है

**(5)** देश से दरिद्रता और अज्ञान कैसे दूर होगा **?**
(i ) सबके प्रयासों से (ii) विद्यालय और सरकार के प्रयासों से
(iii ) विद्यार्थियों के प्रयासों से (iv) माता – पिता एवं शिक्षकों के प्रयासों से

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 2.** | निम्नलिखित में से पद्यांशों में से किसी एक को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए **-** | **5 X1=5** |

**(1)**
चीटियाँ अंडे उठाकर जा रही हैं, और चिड़ियाँ नीड़ को चारा दबाए,
थान पर बछड़ा रंभाने लग गया है, टकटकी सूने विजन पथ पर लगाए
थाम आंचल, थका बालक रो उठा है, है खड़ी माँ शीश का गट्ठर गिराए,
बाँह दो चमकारती-सी बढ़ रही है, साँझ से कह दो बुझे दीपक जलाए।
शोर डैनों में छिपाने के लिए अब, शोर माँ की गोद जाने के लिए अब,
शोर घर-घर नींद रानी के लिए अब. शोर परियों की कहानी के लिए अब,
एक मैं ही हूँ कि मेरी साँझ चुप है, एक मेरे दीप में ही बल नहीं है,
एक मेरी खाट का विस्तार नभ-सा, क्योंकि मेरे शीश पर आँचल नहीं है।

**(क)** कवि को सर्वाधिक दुःख है किस बात का है **-**
(i) उसकी माँ नहीं है। (ii) चिड़ियों का घोसला नहीं है।

(iii) चींटियाँ अंडे उठाकर जा रही हैं।   (iv) ये सभी

**(ख)** काव्यांश में किसके प्रति प्रेम अभिव्यक्त किया गया है**?**

(i) जानवरों के प्रति   (ii) प्रकृति के विभिन्न जीवों का अपनी संतानों के प्रति

(iii) चींटियों के प्रति   (iv) इनमें से कोई नहीं

**(ग)** काव्यांश के आधार पर बताइए कि थका हुआ बालक क्या कर रहा है**?**

(i) माँ की गोद के लिए रो रहा है।   (ii) चींटियों के लिए रो रहा है।

(iii) अंडों के लिए रो रहा है।   (iv) खाना खाने के लिए रो रहा है।

**(घ)** प्रस्तुत काव्यांश के आधार पर बताइए कि किसके बीच गहरा संबंध होता है**?**

(i) माँ एवं संतान के बीच   (ii) माँ एवं अंडों के बीच

(iii) माँ एवं चींटियों के बीच   (iv) इनमें से कोई नहीं

**(ङ)** कथन **(A)** कवि को लगता है कि एक उसी की साँझ चुप है।
कारण **(R)** कवि के पास माँ नहीं है।

(i) कथन A गलत है, किंतु कारण R सही है।   (ii) कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।

(iii) कथन A और कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या है।

(iv) कथन A और कारण R दोनों सही हैं, परंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है।

## (आ)

फ़सल' किसान के कच्चे-अधपके
सपनों की लहलहाती आस है
यह उसके हृदय की गहराइयों में
अंकुरित एक विश्वास है
यह विश्वास है-
ढही हुई दीवार की चीनाई का
अट्ठारह पार कर चुकी बेटी की सगाई का
परचूनिए की उधारी चुकाने का
मन के सपनों को नए परिधान पहनाने का
इसी विश्वास की सलामती के लिए
वह मूँदता है आँखें
दिन में न जाने कितनी बार...
और दुआएँ प्रेषित करता है ऊपर तक
भरोसे और आशंका की रस्साकशी में
न जाने कितनी बार वह जागता है नींद से
और जगा देना चाहता है उस परमात्मा को भी
जिसके बारे में सुनता आया है कि सभी कुछ उसके ही हाथ है...
और इसीलिए जब फसल सौंधियाती है
असल में, किसान के सपने सौंधियाते हैं
और फ़सल घर आ जाने पर, सपने पक जाते हैं...

**(1)** फसल को किसानों के कच्चे-अधपके सपनों की लहलहाती आस कहने का कारण है -कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

कथन

1. फसल देखकर बैंकों से सस्ते ब्याज पर ऋण सरलता से मिल जाना

ब. फसल से किसान के सपनों की संबद्धता और भावात्मक लगाव होना

स. फसल से जुड़े निराई, सिंचाई, कटाई, गहाई, भंडारण आदि के सपने देखना

द. फसल से ही जीवन की जरूरी इच्छाओं के साकार होने की संभावना जुड़ी होना

विकल्प

(i) कथन अ और ब सही हैं
(ii) कथन ब और स सही हैं
(iii) कथन ब और द सही हैं
(iv) कथन स और द सही हैं

**(2)** किसान के हृदय की गहराइयों में अंकुरित हुए विश्वास की परिधि में आते हैं-

i. कुछ पाकर सामाजिक कार्य करने की इच्छाएं
ii. अति आवश्यक कार्य एवं मन के भावात्मक सपने
iii. आधुनिक कृषि यंत्र आदि जुटा लेने की अभिलाषाएं
iv. कठिन समय के लिए कुछ बचा कर रखने की योजनाएं

**(3)** 'दुआएं प्रेषित करता है ऊपर तक' का आशय है-

i. ईश्वर को प्रसन्न करने के लिए व्रत-उपवास रखना
ii. सामूहिक यज्ञ करके फसल की कुशलता की कामना करना
iii. फसल की कुशलता हेतु मन ही मन ईश्वर से प्रार्थना करना
iv. निवेदन को ग्राम्य-विकास से जुड़े अधिकारियों तक पहुंचाना

**(4)** 'भरोसे और आशंका की रस्साकशी में' पंक्ति के आधार पर किसान की मनोदशा से जुड़ा सही विकल्प है-

i. ईश्वर पर अटूट विश्वास कि वह फसल को कोई हानि न होने देंगे
ii. ईश्वर पर विश्वास, किंतु फसल की कुशलता को लेकर मन आशंकित रहना
iii. परिश्रम पर पूर्ण विश्वास, किंतु 'भाग्य में क्या लिखा है' इससे सदा आशंकित रहना
iv. स्वयं पर भरोसा करना, किंतु प्राकृतिक आपदाओं की आशंका से सदैव भयभीत बने रहना

**(5)** कथन(A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन(A) - किसान अपनी फसल के साथ भावात्मक रूप से जुड़ा होता है।

कारण(R) - व्यवसाय और व्यवसायी के बीच ऐसे संबंध स्वाभाविक हैं।

i. कथन(A) गलत है किंतु कारण(R) सही है।
ii. कथन(A) और कारण(R) दोनों ही गलत हैं ।
iii. कथन(A) सही है और कारण(R) कथन(A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन(A) सही है किंतु कारण(R) कथन की सही व्याख्या नहीं है।

| खड – ख (व्यावहारिक व्याकरण) | |
|---|---|
| **प्रश्न 3.** | **निम्नलिखित 5 प्रश्नो मे से किन्ही 4 प्रश्नो के उत्तर दीजिए:- (1×4 = 4)** |

| | |
|---|---|
| **(क)** | 'जब मैं घर पहुचा तब तक पिता जी खाना खा चुके थे' रचना के आधार पर वाक्य भेद है -<br>i. सरल वाक्य<br>ii. संयुक्त वाक्य<br>iii. मिश्र वाक्य<br>iv. उप-वाक्य |
| **(ख)** | निम्नलिखित मे सयुक्त वाक्य है -<br>(i ) जो विद्यार्थी परिश्रमी होता है, वह कभी-भी भूखा नहीं रहता है<br>(ii ) लड़का घर गया और अध्यापक के बैठने के लिए कुर्सी लाया ।<br>(iii ) जब चिड़िया अपने घोंसले में गयी तब बच्चों को खाना मिला ।<br>(iv ) श्याम को पढ़ने के लिए नयी पुस्तक मिली । |
| **(ग)** | 'यह वही पेन है जो मुझे उपहार मे मिला था ।' उपवाक्य का भेद है -<br>(i) संज्ञा आश्रित उपवाक्य (ii) विशेषण आश्रित उपवाक्य<br>(iii ) क्रिया – विशेषण आश्रित उपवाक्य (iv) सर्वनाम आश्रित उपवाक्य |
| **(घ)** | निम्नलिखित वाक्यों मे मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सही विकल्प को चुनिए ।<br>1. रात को देर तक जागने से मेरे सिर में दर्द हो गया।<br>2. जब मैं रात को देर तक जागा, तो मेरे सिर में दर्द हो गया।<br>3. मेरे सिर में दर्द हो गया।<br>4. देर रात तक जागने से मेरे सिर में दर्द है।<br>कूट<br>(i) केवल 1 सही है (ii) केवल 2 सही है (iii) 4 और 3 सही है (iv) 1 और 4 सही है |
| **(ङ)** | सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>सूची I — सूची II<br>A. मोनिका मिठाई खरीदने बाजार जा रही है। — 1. संयुक्त वाक्य<br>B. मोनिका बाजार जा रही है और मिठाई खरीदेगी। — 2. मिश्रित वाक्य<br>C. मोनिका इसलिए बाजार जा रही है, ताकि मिठाई खरीद सके। — 3. सरल वाक्य<br>कूट<br>**A B C** — **A B C**<br>(i) 2 3 1 — (ii) 1 2 3<br>(iii) 3 1 2 — (iv) 2 1 3 |
| **प्रश्न 4.** | निम्नलिखित **5** प्रश्नो मे से किन्ही **4** प्रश्नो के उत्तर दीजिए:-<br>**(1×4 = 4)** |
| **(क)** | 'सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>सूची **I** — सूची **II** |

| | |
|---|---|
| | A. कैप्टन से खाया जाता है। 1. कर्तृवाच्य<br>B. कैप्टन द्वारा चश्मा बदल दिया जाता है। 2. भाववाच्य<br>C. कैप्टन ने दुकान बंद कर दी। 3. कर्मवाच्य<br>कूट<br>**A B C** **A B C**<br>(i) 1 3 2 (ii) 2 3 1<br>(iii) 3 2 1 (iv) 2 1 3 |
| **(ख)** | इनमें कर्तृवाच्य का उदाहरण है।<br>(i) कुत्ता भौंकता है। (ii) कुत्ते के द्वारा भौंका जाता है।<br>(iii) कुत्ते से भौका गया। (iv) कुत्ते द्वारा भौका गया। |
| **(ग)** | इनमें कर्मवाच्य का उदाहरण नहीं है<br>(i) कवि द्वारा एक कविता सुनाई गई। (ii) तुमसे पान कहीं आगे खाया जाएगा।<br>(iii) तुम्हारे द्वारा पढ़ा क्यों नहीं जाता। (iv) दुकानदार ने उचित मूल्य लिया। |
| **(घ)** | "मैंने पत्र लिखा।" इसका कर्मवाच्य होगा।<br>(i) मेरे द्वारा पत्र लिखा गया। (ii) मुझसे लिखा गया पत्र ।<br>(iii) मेरे से पत्र लिखा जाएगा। (iv) इनमें से कोई नहीं |
| **(ङ)** | "लड़का तेज भागा।" इसका भाववाच्य होगा<br>(i) लड़का तेज भाग गया। (ii) लड़का तेज भाग सकता है।<br>(ii) लड़का तेज भागा जा रहा है। (iv) लड़के से तेज भागा गया। |
| **प्रश्न 5.** | निम्नलिखित **5** प्रश्नों में से किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **(1×4 = 4)** |
| **(क)** | ‘<u>राम</u> ने रोहन से रुपये वापस ले लिए।‘ – रेखांकित पद का परिचय है -<br>(i) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक (ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंधवाचक<br>(iii ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक (iv) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक |
| **(ख)** | सिमरन और उसकी बहन <u>प्रतिदिन</u> घूमने जाते हैं।’ – रेखांकित पद का परिचय है -<br>I. गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग ‘घूमने जाते हैं’ क्रिया की विशेषता<br>II. रीतिवाचक क्रिया विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग ‘घूमने जाते हैं’ क्रिया की विशेषता<br>III. अव्यय, स्थानवाचक क्रिया विशेषण, ‘घूमने जाते हैं’ क्रिया की विशेषता<br>IV. अव्यय, कालवाचक क्रिया विशेषण, ‘घूमने जाते हैं’ क्रिया की विशेषता |
| **(ग)** | ‘अब सभी व्यक्ति रोटी खाते <u>हैं</u>।’ – रेखांकित पद का परिचय है -<br>I. सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य<br>II. अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य<br>III. सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य<br>IV. सकर्मक क्रिया, बहुवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य |
| **(घ)** | ‘क्यारी में <u>सुंदर</u> फूल खिले हैं।’ – रेखांकित पद का परिचय है -<br>I. संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, ‘फूल विशेष्य का विशेषण’<br>II. गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, ‘फूल विशेष्य का विशेषण’ |

| | |
|---|---|
| | III. गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'फूल विशेष्य का विशेषण'<br>IV. संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'फूल विशेष्य का विशेषण' |
| **(ङ)** | 'हम प्रतिदिन योग और प्राणायाम करते हैं।' – रेखांकित पद का परिचय है -<br>I. पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक<br>II. निजवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक<br>III. पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक<br>IV. संख्यावाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक |
| **प्रश्न 6.** | **निम्नलिखित 5 प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (1×4 = 4)** |
| **(क)** | 'रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून.<br>पानी गए न ऊबरे, मोती मानुस चून।' इन काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-<br>(i) श्लेष (ii) उत्प्रेक्षा (iii) अनुप्रास (iv) यमक |
| **(ख)** | सखि! सोहत गोपाल के उर गुंजन की माल। बाहर लसत मनो पिए दावानल की ज्वाल।।' इन काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-<br>(i) श्लेष (ii) उत्प्रेक्षा (iii) अनुप्रास (iv) यमक |
| **(ग)** | पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सो पग धोए' पंक्तियों में कौन – सा अलंकार है –<br>(i) श्लेष (ii) उत्प्रेक्षा (iii) मानवीकरण (iv) अतिशयोक्ति |
| **(घ)** | 'उस काल मारे क्रोध के तन कांपने उसका लगा, मानो हवा के वेग से सोता हुआ सागर जगा' पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है –<br>(i) अनुप्रास (ii) यमक (iii) उत्प्रेक्षा (iv) श्लेष |
| **(ङ)** | 'फूल हँसे कलियाँ मुस्काई।' इस काव्य पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार हैं-<br>(i) श्लेष (ii) उत्प्रेक्षा (iii) मानवीकरण (iv) अतिशयोक्ति |
| **प्रश्न 7.** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के रूप में सबसे सही विकल्प को चुनकर लिखिए :-** **1x5= 5** |

खेती बारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे- साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखा झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस. नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कौतूहल होता। कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते। वह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी सब चीज 'साहब' की थी। जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते -जो उनके घर से चार कोस दूरी पर था एक कबीरपंथी मठ से मतलब! वह दरबार में 'भेट' रूप रख लिया कर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते।

**(क)** लेखक के अनुसार बालगोबिन भगत साधु क्यों थे**?**

(i) क्योंकि वे साधु की तरह दिखते थे (ii) क्योंकि वे मोह-माया से दूर थे

(ii) क्योंकि वे सच्चे साधुओं की तरह आचार-विचार रखते थे (iv) क्योंकि के किसी से लड़ते नहीं थे

(ख) बालगोबिन भगत का कौन-सा कार्य-व्यवहार लोगों के आश्चर्य का विषय था?
(i) जीवन के सिद्धांतों और आदर्शों का गहराई से आपने आचरण में पालन करना (ii) गीत गाते रहना
(iii) किसी से झगड़ा न करना (iv) अपना काम स्वयं करना
**(ग)** बालगोबिन भगत के खेत में जो कुछ पैदा होता, उसे वे सर्वप्रथम किसे भेंट कर देते?
(i) गरीबों में (ii) घर में (iii) मंदिर में (iv) कबीरपंथी मठ में
**(घ)** यह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी सब चीज साहब की थी। यहाँ 'साहब' से क्या आशय है?
(i) गुरु (ii) मुखिया (iii) कबीर (iv) भगवान
**(ङ)** कथन **(A)** बालगोबिन भगत कबीर के ही आदर्शों पर चलते थे-
कारण **(R)** वे कबीर की विचारधारा से प्रभावित थे।
(i) कथन A गलत है, किंतु कारण R सही है। (ii) कथन A और कारण R दोनों ही गलत हैं।
(iii) कथन A और कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या है।
(iv) कथन A और कारण R दोनों सही है, परंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है।

| प्रश्न 10. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:- | 1X2=2 |
|---|---|---|
| (क) | लखनवी अंदाज़ पाठ में लेखक ने क्या कहकर खीरा खाने से मना कर दिया था ?<br>(i) मेरा मेदा कमजोर है (ii) इस समय खाने की इच्छा महसूस नहीं हो रही है<br>(iii ) खीरा पसंद नहीं है (iv) (i) और (ii) दोनों | |
| (ख) | बिस्मिल्लाह खां कहां शहनाई बजा कर अपने दिन की शुरुआत करते थे ?<br>(i) काशी विश्वनाथ मंदिर (ii) अस्सी घाट (iii) पंचगंगा घाट (iv) बाला जी मंदिर | |

| प्रश्न 9. | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के रूप में सबसे सही विकल्प को चुनकर लिखिए :- | 1x5=5 |
|---|---|---|

मधुप गुन-गुनाकर कह जाता कौन कहानी यह अपनी, मुरझाकर गिर रही पत्तियां देखो कितनी आज घनी ।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन- इतिहास , यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास ।
तब भी कहते हो कह डालूं दुर्बलता अपनी बीती , तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे यह गागर रीती ।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले, अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले ।
**(क)** कवि पद्यांश में किसके माध्यम से अपनी कथा का उल्लेख करते हैं?
(i) तितली (ii) भौरे (iii) फूल (iv) चंद्रमा
**(ख)** कवि का जीवन किससे भरा हुआ है?

(i) सुखों (ii) अभावों (iii) (i) और (ii) दोनों (iv) बुराइयों

**(ग)** कवि ने अपने मन को किसके समान बताया है**?**

(i) समुद्र के समान (ii) खाली गागर के समान (iii) प्रकृति के समान (iv) इनमें से कोई नहीं

**(घ)** कवि के अनुसार**,** उसके खाली जीवन को देखकर किसे सुख प्राप्त होगा**?**

(i) पुत्र को (ii) समाज को (iii) मित्रों को (iv) पत्नी को

**(ङ)** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. कवि के जीवन की इच्छाएँ उचित वातावरण न पाकर मुरझाकर गिर रही है।
2. महान पुरुषों की कथाओं को पढ़कर ऐसा लगता है जैसे यह स्वयं का उपहास करते हैं।
3. कवि अपने जीवन में अनेक सुखों का आनंद ले चुके थे।

इन कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/है?

कूट

(i) केवल 1 (ii) 1 और 2 (iii) केवल 3 (iv) 2 और 3

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न10.** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:- | **1X2=2** |
| **(क)** | गोपियों को ऐसा क्यों लगता है कि श्रीकृष्ण अब ज्यादा बुद्धिमान हो गए है ?<br>(ii)वह हमेशा गोपियों को याद करते रहते हैं (ii) उनके हाल-चाल लेने के लिए उद्धव आये हैं<br>(iii )उन्हें प्रेम करना आ गया है (iv) उन्होंने योग का सन्देश भेजा है | |
| **(ख)** | उत्साह कविता में कवि ने बादलों को किस दिशा से आने वाला कहकर पुकारा है ?<br>(ii)पूर्व दिशा से (ii) पश्चिम दिशा से (iii) गरीबों की दिशा से (iv) अज्ञात दिशा से | |
| | खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| **प्रश्न 11.** | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए। | **2x3=6** |
| **(1)** | हालदार साहब के द्वारा कैप्टन के बारे में पूछने पर पानवाला अपनी आंखें क्यों पोंछने लगा? नेता जी का चश्मा पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। | |
| **(2)** | नवाब साहब द्वारा किए गए किस कार्य से लेखक को पात्र घटना आदि की अनुपस्थिति में कहानी लिखने की प्रेरणा मिली? | |
| **(3)** | बालगोबिन भगत का गीत-संगीत आत्मा को परमात्मा से मिलाने का महत्वपूर्ण साधन था। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | |
| **(4)** | लेखिका को किस घटना के बाद न अपनी आंखों पर विश्वास हुआ और न अपने कानों पर। 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । | |
| **प्रश्न 12.** | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए। | **2x3=6** |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | लक्ष्मण और परशुराम के मध्य हुए वाद-विवाद का क्या कारण था? 'राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद के आधार पर उत्तर दीजिए। | |
| (ख) | कवि ने बादलों की सुंदरता का बखान किस प्रकार किया है? उत्साह कविता के आधार पर वर्णन कीजिए। | |
| (ग) | 'आत्मकथ्य' पाठ के आधार पर कवि अपने जीवन की दुर्बलताओं को क्यों नहीं बताना चाहता था? | |
| (घ) | 'भ्रमर गीत' में सूरदास ने गोपियों की विरह-विवशता को कैसे प्रकट किया है? | |
| प्रश्न 13. | पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों लिखिए। | **4×2=8** |
| (1) | भोलानाथ के अपने पिताजी के साथ घनिष्ठ संबंध थे। वे उसके साथ हर खेल में हिस्सा लेते थे। भोलानाथ की उसके पिता के साथ कुश्ती से किस प्रकार के संबंधों का पता चलता है? क्या इस प्रकार के संबंध आज भी विद्यमान हैं? 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । | |
| (2) | यूमथांग जाते हुए लेखिका ने अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखिका को यह अनुभव कब हुआ कि जीवन का आनंद यही चलायमान सौंदर्य है ?" | |
| (3) | साना – साना हाथ जोड़ि पाठ में कटाओ की तुलना स्विट्ज़रलैंड से करने पर लेखिका की सहेली बताती है कि वह वहाँ गई है, स्विट्ज़रलैंड न इतना सुंदर है और न इतनी ऊँचाई पर। इस कथन के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए कि हम अपनी श्रेष्ठ चीजों को कम करके क्यों आंकने लगते हैं ? हमें क्या करना चाहिए, जिससे हम अपनी चीजों पर खुले मन से गर्व कर सकें और दूसरों को उनके बारे में बता सकें ? | |
| प्रश्न 14. | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। **(6)**<br>(क) समय का सदुपयोग (संकेत बिंदु–• भूमिका• सफल जीवन का रहस्य • समय की उपेक्षा का परिणाम • लाभ)<br>(ख) जल संरक्षण: आज की आवश्यकता (संकेत बिंदु–• भूमिका • जल प्रदूषण के कारण • जल संरक्षण की आवश्यकता • जल संरक्षण के उपाय)<br>(ग) खेलकूद का महत्त्व (संकेत बिंदु–• भूमिका • खेलों के लाभ • सर्वांगीण विकास • खेलों में भविष्य की संभावनाएं<br>• वर्तमान में खेलों के स्थिति ) | |
| प्रश्न 15. | **1.** किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **(5)**<br>आप लखनऊ के रहने वाले सार्थक / सौम्या हैं । अपने राज्य के मुख्य सचिव को ग्रामीण इलाकों में पुस्तकालय स्थापित करवाने हेतु पत्र लिखिए ।<br>अथवा<br>**2.** आप महावीर पुरम, नई दिल्ली निवासी काव्य / काव्या हैं। आपका मित्र अपने माता-पिता को दक्षिण भारत की यात्रा करवाने ले जा रहा है । मित्र को लगभग 100 शब्दों में शुभकामनाएं देते हुए पत्र लिखिए। | |
| प्रश्न 16. | **1.** आप मानवी / मलय हैं। आप एम. काम कर चुके हैं। आपको एबीसी स्कूल, रामनगर में कंप्यूटर अध्यापक पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए | |

| | |
|---|---|
| | आप अपना संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। **(5)**<br>अथवा<br>2. आप शिवानी / शिवम हैं। आपने स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में खाता खुलवाया है, लेकिन आपको अभी तक चैक बुक नहीं मिली। इसके लिए शिकायत करते हुए बैंक प्रबंधक को चैक बुक भिजवाने के लिए लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए। |
| **प्रश्न 17.** | **1.** आपके भाइ ने 'प्रकाश मोमबत्ती' बनाने का व्यवसाय शुरू किया है। इसके प्रचार-प्रसार हेतु समाचार पत्र में छपवाने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **(4)**<br>अथवा<br>2. आप विद्यालय कप्तान माधव / सरिता हैं। आपके विद्यालय में नेहरू जी के जन्म दिवस पर बाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में प्रधानाचार्य की ओर से लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए। |